Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide relief package to farmers of Nalanda Parliamentary Constituency, Bihar distressed due to loss of their betel leave crop.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालन्दा): मेरे संसदीय क्षेत्र नालंदा में इस्लामपुर प्रखंड अंतर्गत ग्राम-बौरीडीह, बौरी छःआना, बौरी दुर्गा स्थान, बौरी सराय, मदुद, मैंदीकला, डौरा, ईमादपुर, वैरा, कोचरा, अर्जुन सरथुआ, दलनबीघा आदि और राजगीर प्रखण्ड अंतर्गत दुहै-सुहै, नोनकी, नाहुव आदि गाँवों में पहली जनवरी 2018 से लगातार चली भीषण शीत लहर के कारण करीब 600 से 700 एकड़ में लहलहाती मगही पान की फसल पूर्णतः बर्बाद हो गई है। मगही पान कृषक कल्याण संस्थान द्वारा लगभग 10-15 करोड़ रुपये की क्षति का आकलन किया गया है, जो कि इससे ज्यादा भी हो सकती है। इसके कारण पान के उत्पादक कृषकों का काफी आर्थिक नुकसान हुआ है। उनके बाल-बच्चे भुखमरी के कगार पर पहुंच गये हैं। सरकार को मैं अवगत कराना चाहता हूँ कि लगातार शीत लहर के कारण वर्तमान फसल तो नष्ट हुई ही है, पान का विहन यानि विचड़ा (बीज) भी समाप्त हो चुका है।

ऐसी परिस्थिति में मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि ऐसी आपदा से प्रभावित मगही पान कृषकों को अविलम्ब आर्थिक राहत पैकेज देने की कृपा करें, साथ ही आगामी पान की खेती करने के लिए विशेष अनुदान राशि भी दी जाये। मैं सरकार से यह भी आग्रह करना चाहता हूँ कि पान की खेती को कृषि का दर्जा दिया जाये और गया (बिहार) में पान की अंतर्राष्ट्रीय मण्डी की भी व्यवस्था की जाये। इससे मगही पान को विश्व के अन्य देशों में भी प्रतिष्ठा मिलेगी और पान कृषक/उत्पादक किसान की आय भी बढ़ेगी।

(Interruptions)…

HON. SPEAKER: The House stands adjourned to meet on Tuesday, the 6th March, 2018 at 11.00 a.m.

12.06 hrs

The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on

Tuesday, March 6, 2018/Phalguna 15, 1939 (Saka).